2018

HINDI

(Modern Indian Language)

(Hindi Nibandha Sahitya)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'कालिदास का भारत' निबंध का लेखक कौन है?

(ख) बालकृष्ण भट्ट किस युग के निबंधकार हैं?

(ग) कालिदास कौन हैं?

(घ) मनुष्य की सहज प्रवृत्ति क्या है?

(ङ) 'दीनबंधु ऐण्ड्रुज' किसकी रचना है?

(च) साहित्य किस भाव का द्योतक है?

(छ) बालमुकुंद गुप्त किस पत्रिका के संपादक थे?

(ज) 'चिट्ठे और खत' किसकी रचना है?

(झ) किस निबंध में नयी पीढ़ी के प्रति व्यंग्य किया गया है?

(ञ) किसने भगवान को भी भक्तों के मानस मंदिर में प्रतिष्ठित किया है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) साहित्य शब्द का व्यापक अर्थ क्या है?

(ख) अच्छे मित्र में कौन-सी विशेषताएँ होती हैं?

(ग) "सहजात वृत्ति अनजानी स्मृतियों का नाम है"—आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) हरिशंकर परसाई रचित दो ग्रंथों के नाम लिखिए।

(ङ) श्यामसुंदर दास की दो साहित्यिक विशेषताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'मेले का ऊँट' का शीर्षक स्पष्ट कीजिए।

(ख) "उसकी याद सुखकारक भी है, दुःखकारक भी"—आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) साहित्य का रस सब रसों से निराला क्यों होता है?

(घ) लेखक ने दृढ़ मन को उत्तम गुण क्यों कहा है?

(ङ) सफलता और चरितार्थता में क्या अंतर है?

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×2=20

(क) यह मनुष्य के स्वयं का उद्भावित बंधन है।

अथवा

मैं तुम्हें अच्छी चाय पिलाऊँगा और कुछ भेंट भी दूँगा।

(ख) विश्वासपात्र मित्र से बड़ी भारी रक्षा रहती है। जिसे ऐसा मित्र मिल जाए उसे समझना चाहिए कि खजाना मिल गया।

अथवा

तुम्हारे बाप के बाप जानते थे कि मैं कौन हूँ।

5. 'साहित्य' नामक निबंध में लेखक ने 'साहित्य का स्वरूप' को किस प्रकार दर्शाया है? 10

अथवा

'कालिदास का भारत' नामक निबंध में भारतवर्ष की प्राचीन सामाजिक-सांस्कृतिक दशा का चित्रण लेखक ने किस प्रकार किया है?

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 10

(क) समाचार-पत्र

(ख) मोबाइल फोन और युवा पीढ़ी

(ग) दीपावली का सांस्कृतिक महत्त्व

(घ) आपका प्रिय लेखक

★★★